**खबर संक्षेप**

### मैहर में मंदिर के पीछे मिली लाश नहीं हो सकी पहचान

**मैहर।** एक अज्ञात व्यक्ति का शव मां शारदा देवी मंदिर के पीछे स्थित पन्नी खोर में नाला के पास पाया गया है। जिसने नीले रंग की टी शर्ट और धारी पट्टे वाली अंडर वियर पहने हुए हैं जिसकी जांच देवी जी चौकी पुलिस के द्वारा की जा रही है जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### तहसील कोठी क्षेत्र अंतर्गत भंवर हल्का के पटवारी निलंबित

**सतना।** एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने तहसील कोठी क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्का भंवर के पटवारी शिवेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में 14 अप्रैल 2025 को प्रसारित खबर एवं वीडियो के अनुसार शिवेन्द्र सिंह पटवारी हल्का भंवर राजस्व निरीक्षक वृत्त झाली तहसील कोठी को प्रसारित खबरों में एवं वीडियो में ग्राम भंवर के कृषकों से पट्टा वितरण एवं ऋण पुस्तिका देने के एवज में 4 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये एवं 15 हजार रूपये दिये जाने की बात करते हुये दिखाया जा रहा है। वीडियो से प्रथम दृष्टया रिश्वत लेना प्रतीत होता है। एसडीएम एलआर जांगडे ने बताया कि पटवारी शिवेन्द्र सिंह के इस कृत्य से जिला प्रशासन एवं तहसील की छवि धूमिल हुई है,जो गंभीर कदाचरण की श्रेणी में होने के कारण म.प्र.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1) एवं (3) के विरूद्व है तथा कदाचरण एवं अवचार की श्रेणी में आता है। पटवारी हल्का भंवर वृत्त झाली तहसील कोठी शिवेन्द्र सिंह को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार तहसील रघुराजनगर ग्रामीण (आफिस कानूनगो शाखा) नियत किया गया है।निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता नियमानुसार होगी।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल तीन दिवसीय प्रवास पर सतना एवं मैहर आयेंगे



**सतना।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 16 अप्रैल को दोपहर 2.45 बजे मैहर जिले के झुकेही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत टमस नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं जन चर्चा करेंगे। इसके बाद मंत्री श्री पटेल सायं 4.20 बजे सतना नगर के टाउन हाल में पंच-सरपंच सम्मेलन में शामिल होने के पश्चात सायं 6 बजे सतना जिले से कार द्वारा रीवा के लिये प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री पटेल प्रवास के दूसरे दिन 17 अप्रैल को रात्रि 8 बजे दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट आकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री पटेल प्रवास के तीसरे दिन 18 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे मझगवां के मंदाकिनी नदी उद्गम स्थल (मढवा) तथा दोपहर 12 बजे नागौद में अमरन नदी उद्गम के स्थल (भिगोरा) में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूजन एवं जन चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 1.45 बजे उचेहरा पहुंचकर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम और दोपहर 3 बजे मैहर जिले के एकलव्य छात्रावास में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल सायं 5.30 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन करेंगे और सायं 6 बजे कार द्वारा मैहर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## टार्च की रोशनी से प्रसव

# सिविल सर्जन ने माना इंटरनल वायरिंग में खराबी

## इमरजेंसी फीडर की योजना, 25 लख रुपए होंगे खर्च

सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में मोबाइल फोन के टार्च की रोशनी से महिला का प्रेशर होने की घटना में व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**सतना।**





मंगलवार को अस्पताल के सिविल सर्जन मनोज शुक्ला ने माना कि अस्पताल की इंटरनल वायरिंग में खराबी है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे लाइट उपलब्ध है इसके लिए इमरजेंसी फीडर की योजना बनाई गई है बिजली कंपनी ने बताया है कि 25 लख रुपए खर्च होंगे इसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे पॉइंट भी है जहां पर इनवर्टर बल्ब लगाने की निर्देश दिए गए हैं ताकि बिजली जाने के बाद तत्काल लाइट उपलब्ध हो क्योंकि इन बल्बों में चार से पांच घंटे का बैकअप होता है। आपको बता दें कि रविवार को एक गर्भवती महिला का प्रसव अस्पताल के मुख्य गेट पर मोबाइल फोन की टॉर्च की रोशनी में कराना पड़ा। घटना के बाद अस्पताल के सिविल सर्जन ने माना है कि यह व्यवस्था में चूक है। रामस्थान-भठिया की रहने वाली सोनम कोल को जननी एक्सप्रेस से अस्पताल लाया जा रहा था। रात साढ़े सात बजे जब एम्बुलेंस अस्पताल के मुख्य गेट पर पहुंची,तभी प्रसव पीड़ा हुई और उसने बच्चे को जन्म दिया। परिजनों ने डिलीवरी के तुरंत बाद लेबर रूम में जाकर स्टाफ को सूचित किया। उस वक्त बारिश के कारण बिजली गुल थी। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि आपातकालीन स्थिति के लिए जनरेटर और सोलर पैनल की व्यवस्था है। लेकिन घटना के समय न तो जनरेटर चालू था और न ही सोलर पैनल से बिजली आ रही थी। सिविल सर्जन मनोज शुक्ला कहते हैं की व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। श्री शुक्ल कहते हैं कि यह संयोग था की आंधी पानी की वजह से बिजली गुल हुई। उन्होंने कहा कि हमारा पहला प्रयास रहता है कि जो भी मरीज है उसे सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जनरेटर की व्यवस्था भी है लेकिन आंधी और पानी की वजह से व्यवस्था बिगड़ गई।

### अस्पताल में लापरवाही कोई नई बात नहीं

ऐसा नहीं है कि सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में लापरवाही की यह कोई पहली घटना है। इसके पहले भी कई तरह के लापरवाही के नमूने सामने आ चुके हैं। इस अस्पताल को एक्सीलेंस का अवार्ड भी मिल चुका है लेकिन आज भी मरीज और उनके परिजनों को मिलने वाली सुविधाएं लापरवाही की भेंट चढ़ रही है। देखना यह होगा कि इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की नींद टूटती है अथवा नहीं।

## नल-जल योजना में भ्रष्टाचार से पानी का संकट

## कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की

**मैहर।**




मैहर अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम बाराकला में नल-जल योजना के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। इस योजना के तहत पूरे गांव को पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था थी परंतु हकीकत यह है कि आधे गांव तक ही पानी पहुंच पा रहा है बाकी आधे गांव के लोग आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और पेयजल के लिये मोहताज है लेकिन कोई सुनने वाला नही है। इस समस्या को लेकर जिला कांग्रेस ने यहां निवास कर रहे ग्रामीणों एवं आदिवासीयों के हित में आवाज उठाई है साथ ही ग्रामीणों की व्यथा को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रानी बाटड़ से मिला और जानकारी देते हुए समस्या का ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि बाराकला ग्राम में नल-जल योजना की पूर्ण जांच कराई जाएं और सभी ग्रामीणों को समान रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जाए। यहीं नहीं नल जल योजना स्थापना कार्य में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार पर नियंत्रित करते हुए इसकी जांच कराई जाए एवं शासन की इच्छा अनुरूप स्थानीय आमजनों के उपयोग के लिए गुणवत्ता युक्त कार्यो को कराया जाए और गुण दोष स्पष्ट होने पर समुचित कार्यवाई कर भ्रष्टाचार के लिये जो भी दोषी हो उस पर कार्यवाही भी की जाए। श्री घई ने बताया कि सरकार जहां एक ओर गरीब आदिवासी समाज के कल्याण के लिए योजनाएं लाने का ढिढोरा पीटती है,वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है। बाराकला गांव इसका जीवंत उदाहरण है जहां आज भी मूलभूत सुविधाओं से आदिवासी समाज को वंचित रखा गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो पार्टी मैदान में आकर आदिवासियो एवं स्थानीय आम जनता के हित में कांग्रेस को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

### मैहर कलेक्टर ने भी सम्पूर्ण जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया

**सतना।** सतना जिले के बाद अब कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने पेयजल संकट की संभावना के दृष्टिगत म.प्र.पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सम्पूर्ण मैहर जिले की राजस्व सीमाओं में भी 30 जून तक बिना अनुमति नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिनियम के अंतर्गत जिले के सम्पूर्ण नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इसी प्रकार बिना अनुमति किसी भी शासकीय भूमि के जल स्त्रोत से पेयजल और घरेलू प्रयोजन को छोडकर अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकेगा। नहरों के प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्हीं भी साधनों से जल का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत के सूखने या वैकल्पिक रूप से अन्य कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर जनहित में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत का अधिग्रहण कर सकेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।आदेश का उल्लंघन म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डनीय होगा।

## बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत

**मैहर।** भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती जिला कां ग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जूरा में हषोल्लास से मनाई गई।इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से मैहर के प्रभारी गुरमीत सिह मंगू एवं सह प्रभारी अजीत सिंह जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेश घई,प्रभात द्विवेदी दद्दा,रामभद्र पांडे,सोमदत्त साकेत शशांक पटेल सहित आदि नेताओं ने शामिल होकर बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।अतिथियों के स्वागत के बाद ने जिला प्रभारी गुरमीत सिह मंगू ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ.आंबेडकर ने समाज में शिक्षा के महत्व को बहुत अच्छे से समझाया है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एकऐसा भारत बनाना है जो रूढ़ीवादी परंपराओं से मुक्त हो। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि बाबा साहब हमारे देश की श्वास नली है आज जो समाज अधिकार संपन्न हुए हैं यह देन उन्हेंने हमें अपने संविधान से दिए है उनका योगदान केवल एक विशेष जाति या धर्म के लिए नहीं है।उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने सभी धर्मों, जातियों और समाजों के लोगों को समानता,स्वतंत्रता और समरसता का अधिकार दिया। सह प्रभारी अजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का दृष्टिकोण,उनकी विचारधारा मानववादी रही है। उनका उदेश्य शोषित एवं दलित समाज का विकास करना एवं उन्हें उनके मानव अधिकारों से सजग कराना एवं मानवीय अधिकार दिलाना था। उनके चिन्तन में स्वतंत्रता,समानता,बंधुता व न्याय के दर्शन होते है।कार्यक्रम में उपस्थित ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा,बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी,जब हम अपने समाज से छुआछूत और आर्थिक असमानता को समाप्त करेंगे। उन्होंने कहा,आज के समाज में बाबा साहब का दृष्टिकोण और मूल्य अधिक प्रासंगिक है।

## मैहर से भदनपुर तक स्टेट हाइवे बन गया यमलोक जाने का रास्ता

### गांव की पगडंडी में तब्दील सड़क पर उड़ती धूल और गड्ढों से बेहाल जनता

**मैहर।** स्टेट हाइवे का नाम सुनते ही मन में एक बेहतर सड़क,सुगम यातायात और विकास की तस्वीर बनती है लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। मैहर से भदनपुर तक बनाई जा रही स्टेट हाइवे सड़क अब ग्रामीणों के लिए यमलोक जाने का रास्ता भी बनता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की हालत इस कदर खराब है कि यह अब एक अस्थायी पगडंडी जैसी लगती है जहां 24 घंटे धूल उड़ती है यही नहीं सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों से निकलना जोखिम भरा हो गया है। हाल ही में भदनपुर के पास एक ट्राली गहरे गड्ढे में पलट गई जो इस बदहाल सड़क की खतरनाक स्थिति का जीता-जागता प्रमाण है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहला हादसा नहीं है इससे पहले भी बाइक सवारों और छोटे वाहन चालकों के साथ कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि एमपीआरडीसी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार के साथ मिलकर शासकीय राशि हजम की जा रही है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग,बिना मापदंड के लेयरिंग और जल निकासी की अवहेलना जैसे गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं।इस घटिया सड़क को लेकर जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने अब तक सुध नहीं ली है क्यों कि अभी तक न तो निरीक्षण हुआ न कार्यवाही जिससे यह साफ है कि इन जिम्मेदारों की मिलीभगत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या स्टेट हाइवे सिर्फ नाम का रह गया है? क्या ठेकेदारों के हाथ में ही जनता की सुरक्षा सौंप दी गई है? और कब जागेगा एमपीआरडीस विभाग और प्रशासन? अब वक्त आ गया है कि इस सड़क को लेकर जिम्मेदारों से जवाब तलब किया जाए और जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो नहीं जनता विरोध करने सड़क पर उतरेगी।

# कलेक्टर ने सुनी 100 आवेदकों की समस्यायें






**सतना।**

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 100 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और मैदानी अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 29 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 29 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,महिला बाल विकास अधिकारी राजेन्द्र बांगरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर में जनरल परेड का आयोजन



**मैहर।**

पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर डॉ.चंचल नागर की उपस्थिति में जनरल परेड का आयोजन किया गया।परेड का संचालन सूबेदार नृपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जनरल परेड में एसडीओपी अमरपाटन श्रीमति प्रतिभा शर्मा,निरीक्षक रेनू मिश्रा,अभिषेक सिंह परिहार,के एन बंजारे सहित जिले के थानों एवं पुलिस लाइन का बल उपस्थित रहा।कृत की जा रही है।

## नजीराबाद में लगे इजरायली उत्पाद बहिष्कार के पोस्टर

## किसने लगाया इसकी जानकारी किसी को नहीं, प्रशासन ने हटाया

**सतना।**

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नजीराबाद में मंगलवार सुबह इजरायली प्रोडक्ट के बहिष्कार के पोस्टर दीवारों में देखे गए। वार्ड नंबर 36 निवासियों ने बताया कि उन्हें इन पोस्टरों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जिन घरों और दुकानों पर ये पोस्टर लगाए गए,वहां के लोग भी इस कार्रवाई से हैरान हैं। एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया ने बताया कि स्टिकर लगाने का मकसद क्या है,इसकी जांच की जा रही है। जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोपहर तक इलाके से सभी विवादित स्टिकर हटवा दिए हैं। अभी तक किसी भी संगठन ने इस कार्रवाई की जिम्मेदारी नहीं ली है।



### चिपकाए गए पर्चे की जांच की जा रही : सीएसपी

नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सुबह पर्चे चिपकाने की जानकारी सामने आई थी। जिसे नगर निगम द्वारा निकाल दिया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है।



# लंबित शिकायतों का समय सीमा में करें प्रभावी निराकरण- कलेक्टर

## लापरवाह सचिव एवं रोजगार सहायकों को निलंबित करने के निर्देश

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान समस्त विभागीय अधिकारियों को समयावधि में प्रभावी निराकरण के लिए निर्देशित किया। आगामी 28 अप्रैल को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित विषयों से संबंधित तथा प्रत्येक विभाग की 100 दिवस से अधिक अवधि की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का भी 20 अप्रैल के पूर्व शत-प्रतिशत संतोषप्रद निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्तमान में सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग के अधिकारियों को पुरानी शिकायतों के साथ वर्तमान माह की नवीन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना एवं बीएमओ प्रशांत सिंह भदौरिया के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इसी तरह आरसीएमएस पोर्टल पर अधिक संख्या में लंबित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण सहित लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा टीएल एवं जनसुनवाई की नस्तियां भी अविलंब प्रेषित करने के लिए कहा।




कलेक्टर श्री कुमार ने जनपद पंचायतवार ग्राम पंचायतों की साप्ताहिक समग्र ई-केवाईसी प्रगति की जानकारी लेकर गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और लापरवाह पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही के निर्देश दिए। अन्य जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों में भी अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए आगामी 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए कहा।

### कुपोषित बच्चों को एनआरसी में कराएं भर्ती


कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थापित समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को भर्ती कर आवश्यक उपचार प्रदान करें। समस्त एनआरसी का क्षमता अनुसार संचालन सुनिश्चित हो। मेडिकल ऑफिसर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा इस कार्य में आवश्यक समन्वय किया जाए। कुपोषण दूर करने के प्रयासों में कोई कमी न रहे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी और संबंधित एसडीएम को एक सप्ताह में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। एनआरसी की अव्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित रूप से सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों में वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित करने, न्यायालयीन मामलों में प्राथमिकता से जबावदावा दाखिल करने, असफल ई-भुगतान का समय सीमा में निराकरण, गेहूं उपार्जन कार्य में गति बढ़ाने और समन्वय के साथ कार्य कर समस्याओं के त्वरित निराकरण सहित ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के निराकरण, केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष मुआवजा एवं पुनर्वास राशि के शत-प्रतिशत वितरण तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने हेतु सर्वेक्षण दल के गठन के लिए भी निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन एवं खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही के निर्देश समस्त एसडीएम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को दिए। इसके अलावा एसडीएम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को दुकान संचालन में अनियमित्ता पर कार्यवाही सहित बुधवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह जल निगम के अधिकारी को पेयजल योजना के कार्यों में लोक निर्माण विभाग की सड़कों के मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस अमानगंज ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई



**अमानगंज।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के दिशा निर्देश पर दिनांक 14 अप्रैल 2025 को ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमानगंज अध्यक्ष भभूतसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में भारतीय संविधान के निर्माता महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती नगरपरिषद अमानगंज के वार्ड क्रमांक 3 इंदिरा कॉलोनी में मुख्य अतिथि विधानसभा गुनौर के पुर्व प्रत्याशी जीवन लाल सिद्धार्थ कार्यक्रम की अध्यक्षता सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज अभिषेक दुबे ने की सर्व प्रथम डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर तिलक रोड़ी लगाकर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए गए उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता में मुख्य अतिथि जीवनलाल सिद्धार्थ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत डॉक्टर बलवान सिंह राजपूत पीयूष देव सिंह देव परमार ने बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला प्रमुख रूप से उपस्थित नगर परिषद अमानगंज उपाध्यक्ष सौरभ दुबे पूर्व नगरपरिषद अमानगंज अध्यक्ष हककुन दहायत पार्षद श्री मति राधा चौधरी दिनेश पांडे बसीम खान नीरज खरे पीयूष देव सिंह परमार एडवोकेट अवधेश प्रताप सिंह यादव एडवोकेट शैलेश विश्वकर्मा एडवोकेट सोनेलाल प्रजापति मुनीम चौधरी पुर्व पार्षद मदारी आदिवासी किसना आदिवासी उमा आदिवासी राकेश आदिवासी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### पवई सर्व हिंदू समाज ने तहसीलदार पवई को सौंपा छः सूत्रीय ज्ञापन



**पवई।** बीते 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा के दौरान सड़क पर मांस के टुकड़े मिलने का मामला सामने आया था,जिस पर पुलिस ने अज्ञात तत्वों पर मामला दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज से कुत्ते द्वारा उल्टी कर गंदगी फैलाई जाने की बात बताई गई थी। लेकिन पुलिस की कार्यवाही से बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं थे,इसके विरोध में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा मंगलवार को पवई नगर बंद कर धरना आंदोलन करने का आवाहन किया गया था,जिसे प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई थी। मंगलवार की सुबह अधिकांश दुकानदारों द्वारा स्वयं ही अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर लिए थे।



## चम्पतपुर में आगजनी की घटना में घर एवं गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**पन्ना।** अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नारायणपुर के ग्राम चंपतपुर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक भोला लोध पिता जुराखन लोध के घर मे आज दोपहर 1 बजे अचानक आग लग जाने के कारण घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया एवं ग्रस्थी का सामान भी जलने की खबर बताई जा रही है साथ ही घर में रखें नगद 1 लाख 65000 भी जलकर खाक हो गए जिसे ग्रामीणों की मदद से बामुश्किल आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। प्रशासन से अनुरोध है कि आज देने की घटना घटित होने पर उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाई जाए ताकि उनका भरण पोषण हो सके।

## थाना धरमपुर क्षेत्र में चोरी के मामले में घटना दिनांक से फरार आरोपी को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अजयगढ़ आर एस भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में धरमपुर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा भैंस चोरी करने वाले 04 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। मामले में 01 आरोपी घटना दिनांक से फरार था जिसे पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 15/04/25 को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है।




मामले में फरियादी अशोक यादव पिता राममिलन यादव उम्र 25 साल निवासी पंचमपुर के द्वारा थाना धरमपुर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 2/11/24 के शाम करीब 9 बजे मैं अपनी भैसो को चारा- पानी देकर सो गया था। फिर रात्रि करीब 2 बजे मुझे आहट सुनाई तो मैंने जाकर देखा तो भैसो की सार का ताला टूटा पड़ा था मेरी 6 नग भैसें वहाँ सार में नही थी। मैने टार्च लगा कर देखा तो पांच व्यक्ति मेरी 6 नग भैसों को जंगल तरफ ले जाते दिखे वह सभी लोग जंगल में अंदर तरफ चले गये। हम लोग जंगल में आस पास तलाश करते रहे लेकिन भैसों का कोई पता नही चला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में अप.क्र. 313/24 धारा दृ 331(4),305 बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को प्रदाय की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में एक आरोपी घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये। मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर फरार आरोपी को आज दिनांक 15/04/25 को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। पूँछताछ पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** - पप्पू नट पिता मुनउव्वर नट उम्र 50 साल निवासी नारा (शहीदाबाद) थाना मंझनपुर जिला कौशाम्बी (उ.प्र.)

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह, सउनि प्रीतम सिंह, प्र.आर. जीतेन्द्र मिश्रा, अशोक प्रजापति, आर. अजीत यादव, वरूण सिंह, राजू साहू, सोनू खटीक, प्रभु का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## जिले में सरपंच-सचिव विवाद कांउटर केस को लेकर सरपंच संघ ने जताई मंशा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



### सचिव को निलंबित करने को लेकर उठाई आवाज

पन्ना।

जिले में किस तरह के हालात है यह मामला शाहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत चन्द्रावल पंचायत जोकि सोशल मीडिया में लम्बे अर्से से सुर्खियां बटोर ही है। जहां पंचायत में सरपंच-सचिव का विवाद इस हद तक पहुंच गया कि सचिव के साथ मारपीट को लेकर सरपंच के ऊपर एफआईआर वहीं इसके पूर्व सचिव संघ ने ज्ञापन सौंपा था सरपंच के ऊपर कार्यवाही को लेकर। जिसका पलटवार अब सरपंच संघ ने कलेक्टर पन्ना को ज्ञापन सौंपकर सचिव के ऊपर भी एफआईआर तथा सचिव का निलंबन वहीं वीडियो बनाने को लेकर एकतरफा बताने का आरोप। देखना यह है कि सच्चाई को लेकर जिला प्रशासन क्या तय करेगा। जिसका है सबको है इंततार सबकी नजर जिले में चन्द्रावल पंचायत पर वहीं हालात पंचायती राज व्यवस्था किस तरह की दास्ता।

पन्ना। जिले में पंचायतों के हालात किस स्थिति में है इसकी बानगी जिले की चन्द्रावल पंचायत जो शाहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आती है। उसकी दास्ता लम्बे अर्से से जहां सोशल मीडिया में वायरल वीडियो जिसमें सचिव के साथ मारपीट का वायरल वीडियो होना वहीं सचिव संघ ने ज्ञापन सौंपकर सरपंच के ऊपर एफआईआर की मांग की थी। जिसमें कार्यवाही हुई सरपंच के ऊपर एफआईआर होने के बाद सरपंच संघ भी हरकत में आया गया। अपने प्रदेशाध्यक्ष आशोक सिंह सेंगर के साथ सरपंच लामबंद होकर कलेक्टर कार्यालय में नारेबाजी करते हुए दाखिल हुए जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सरपंच की तरफ से भी एफआईआर दर्ज की जाये वहीं सचिव का निलंबन किया जाये। तथा वीडियो जो वायरल हुआ वह एकतरफा बताया जा रहा है यह आरोप लगाया गया है। मामला चाहे जो हो यह तो पड़ताल के बाद ही सामने आयेगा। पर जमीनी हकीकत जिले की पंचायतों की दास्ता किस तरह से हालात को लेकर है। जहां सचिवों को सरपंचों के संग तालमेल बनाकर ही चलना होगा वरना मारपीट वहीं एफआाईआर निलंबन जैसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। क्योंकि इस समय तो हालात जिले की संगठनों को लेकर ही कार्यवाही पर है। यहां सचिव संघ पहले लामबंद हुआ ज्ञापन हुआ तो सरपंच के ऊपर कार्यवाही हो गई अब सरपंच संघ कांउटर केश को लेकर सचिव के ऊपर एफआईआर तथा निलंबन की कार्यवाही को लेकर अपना जोर दे रहा है। वहीं वीडियो जो मारपीट का वायरल हुआ था उसको फर्जी बताया जा रहा है यह आरोप सरपंच संघ के द्वारा लगाया गया है। इतना ही नहीं ज्ञापन सौंपने के दौरान मीडिया से रूबरू होते सरपंच संघ ने यह भी आरोप गलाया है कि सीईओ जनपद से लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर तक सचिव को हटाने के लिए आवेदन दिये गये। पर सुनवाई नहीं हुई दास्ता सरपंच व सचिव का विवाद सामने आया। जिसमें अब पंचायत का विकास तो कोसो दूर है एक-दूसरे पर एफआईआर कराये जाने को लेकर कार्य किये जा रहे है। बाखूबी सचिव संघ व सरपंच संघ के द्वारा ज्ञापन दिये जा रहे है। देखना यह है कि पंचायत की जमीनी हकीकत को लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस घटना क्रम को ध्यान में रखकर क्या पंचायत में अब तक काराये गये स्वीकृत कार्यो की जांच पड़ताल वहीं पंचायत की जनता की आवाज क्या कहती है यह जाना जायेगा। आखिर तानाशाही के हालात सचिव के या कि सरपंच के वास्तविकता में क्या है जमीनी हकीकत यह तो जिम्मेदार अधिकारी ही पड़ताल के बाद बयां कर सकते है पर जिले में हालात क्या है चन्द्रावल पंचायत जिसकी बानगी वर्तमान समय सोशल मीडिया से लेकर ज्ञापन कीदौर से जिला मुख्यालय तक चर्चा में है।

## जे.के. सीमेंट द्वारा पन्ना शहर के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों हेतु भव्य शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह हुआ संपन्न






पन्ना।

शहर के शतत एवं समग्र विकास को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत, जे.के. सीमेंट लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत पन्ना शहर के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की औपचारिक शुरुआत हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2025 को एक भव्य शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का केंद्र बिंदु था पन्ना शहर की प्रमुख सड़क (डायमंड चौक से लेकर मदर टेरेसा हॉस्पिटल तक) के सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ, जो कि आगामी शहरी परिवर्तन का प्रतीक है।

### मुख्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पन्ना विधायक माननीय श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह (पूर्व कैबिनेट मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार) ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुरेश कुमार (कलेक्टर, जिला पन्ना) ने की। इसके अतिरिक्त श्री एस. के. थोटा (पुलिस अधीक्षक, पन्ना), श्रीमती मीना पांडे (नगरपालिका अध्यक्ष), श्री विष्णु पांडे (विधायक प्रतिनिधि), श्री कैलाश गुप्ता (भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शिलापट्ट अनावरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण -

कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती की पूजा, दीप प्रज्जवलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई। इसके उपरांत शिलापट्ट पर लगे परदे का विधिवत अनावरण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया, जिससे डायमंड चौक से लेकर मदर टेरेसा हॉस्पिटल तक के सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत लोकार्पण हुआ।

### इस परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले प्रमुख कार्यों में शामिल हैं

डिवाइडर डेवलपमेंट मुख्य मार्ग के मध्य में आकर्षक एवं सुरक्षित डिवाइडर का निर्माण व साज-सज्जा। पौधारोपणरू मार्ग के दोनों ओर व डिवाइडर पर हरियाली बढ़ाने हेतु छायादार एवं सजावटी पौधों का रोपण। फुटपाथ निर्माण पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए उच्च गुणवत्ता वाले फुटपाथ का निर्माण एवं रंग-रोगन।
लाइटिंग एवं साज-सज्जा, स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था के साथ मार्ग को रात्रि में भी सौंदर्यपूर्ण व सुरक्षित बनाना। स्वच्छता प्रबंधन कचरा निपटान के लिए आधुनिक डस्टबिन की व्यवस्था व नगर निगम के सहयोग से नियमित सफाई। जेके सीमेंट की ओर से दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता।

### जेके सीमेंट पन्ना प्लांट के प्रमुख श्री कपिल अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा

डायमंड चौक से मदर टेरेसा हॉस्पिटल तक यह सौंदर्यीकरण कार्य पन्ना नगर की सूरत बदलने की दिशा में हमारा एक ठोस क़दम है। हमारा लक्ष्य है कि पन्ना शहर एक आधुनिक, हरित एवं व्यवस्थित नगरी के रूप में विकसित हो। उन्होंने यह भी बताया कि यह परियोजना जनसहभागिता, प्रशासनिक सहयोग एवं पर्यावरणीय चेतना को केंद्र में रखकर क्रियान्वित की जा रही है।

### अतिथियों के विचार -

मुख्य अतिथि श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने भाषण में जेके सीमेंट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा -

यह परियोजना न केवल शहरी विकास का उदाहरण है, बल्कि यह उद्योग और समाज के समन्वय से हो रहे परिवर्तन की प्रेरणा भी है। कलेक्टर श्री सुरेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना पन्ना शहर के लिए स्मार्ट और स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### विशेष सहभागिता एवं संचालन -

कार्यक्रम में जेके सीमेंट की ओर से श्री अवनेश गौतम (एचआर हेड), श्री ए. पी. सिंह (लाइजनिंग हेड), श्री मनीष शर्मा (सीएसआर हेड), श्री संदीप त्रिवेदी, श्री पराग त्रिपाठी, श्री योगेश पांडे, श्रीमती साधना गुप्ता एवं श्री राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

### गैति चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत

समारोह के अंत में समस्त अतिथियों ने प्रतीकात्मक रूप से गैति चलाकर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया दृ यह एक सकारात्मक और प्रेरणादायक क्षण था, जो शहर के विकास पथ पर पहला ठोस क़दम सिद्ध हुआ।

### भविष्य की योजनाएं -

जेके सीमेंट का सीएसआर विभाग आगामी समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण एवं अधोसंरचना से जुड़ी और भी अनेक परियोजनाएं पन्ना क्षेत्र में आरंभ करने जा रहा है। यह कार्यक्रम पन्ना शहर को स्मार्ट, सुंदर और टिकाऊ विकास की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय जनसुनवाई में 116 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर।** छतरपुर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 116 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

### 5 साल पहले चोरी करने वाला इनामी चोर गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना बमीठा पुलिस ने पांच साल पुराने चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे 2000 के इनामी आरोपी संजू बुनकर पिता हीरा बुनकर निवासी ग्राम पहरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि सितंबर 2020 में ग्राम पहरा में एक दुकान में चोरी की घटना हुई थी, जिसमें पूर्व में दो आरोपी आशीष विश्वकर्मा और कन्हैया सेन को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि एक आरोपी संजू बुनकर फरार था। फरारी के चलते पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा संजू बुनकर पर दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 299 के तहत की गई है। इस कार्रवाई में एसडीओपी खजुराहो नवीन दुबे के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजपूत, हरदेव सिंह, प्रधान आरक्षक सुरविंद्र सिंह, आरक्षक निकेश, उदयवीर और बेटालाल की सराहनीय भूमिका रही।

### भगवाँ अस्पताल में निरीक्षण में नदारद मिले डॉक्टर और स्टाफ



**सीएमएचओ ने जमकर लगाई फटकार, रिकॉर्ड में भी पाई गईं गड़बड़ियाँ**

**भगवाँ।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दिनों स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही उजागर हुई थी। रविवार की रात डिलीवरी के लिए अस्पताल पहुँची एक गर्भवती महिला को कोई डॉक्टर या नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध नहीं हो सका। घंटों इंतजार के बाद भी जब कोई मदद नहीं मिली, तो परिवार को निजी साधनों का सहारा लेना पड़ा। यह मामला जब मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, तो प्रशासन हरकत में आया। सोमवार को छतरपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरपी गुप्ता स्वयं भगवाँ अस्पताल पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ नदारद मिले। सीएमएचओ ने मौके पर मौजूद स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल का रिकॉर्ड भी खंगाला, जिसमें भारी अनियमितताएँ पाई गईं। ग्रामीणों का कहना था कि भगवाँ अस्पताल में अक्सर डॉक्टर और स्टाफ मौजूद नहीं रहते। मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। सीएमएचओ डॉ. आर. पी. गुप्ता ने बताया कि अस्पताल की स्थिति को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रियासतकालीन क्लब हाउस पर चला प्रशासन का बुलडोजर

# जर्जर हो चुके भवन को किया गया जमींदोज, अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई



**छतरपुर।** शहर के मेला ग्राउंड क्षेत्र में स्थित रियासत कालीन ऐतिहासिक क्लब हाउस को मंगलवार की सुबह प्रशासन द्वारा जमींदोज कर दिया गया। यह भवन काफी समय से खस्ताहाल और जर्जर स्थिति में था, जिससे आसपास के नागरिकों को खतरा बना हुआ था। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने इसे गिराने का निर्णय लिया और नियमानुसार सार्वजनिक नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई की गई। मंगलवार को सुबह 7 बजे प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में जेसीबी मशीनों के माध्यम से क्लब हाउस पर बुलडोजर चलाया गया। देखते ही देखते यह पुराना भवन मलबे के ढेर में तब्दील हो गया। एसडीएम अखिल राठौर ने जानकारी दी कि यह प्रॉपर्टी नगर पालिका की थी और पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ था। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार संदीप तिवारी, नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, राजस्व व नगर पालिका अमला और पुलिस बल की टीम मौके पर मौजूद रही।

### बस स्टैंड और महोबा रोड पर भी हटाया गया अतिक्रमण

क्लब हाउस के अलावा, प्रशासन ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों बस स्टैंड और महोबा रोड पर भी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान सड़क किनारे लगी हुई चार गुमटियों को हटवाया गया। अधिकारियों ने संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में अगर दोबारा अतिक्रमण पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अखिल राठौर ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। जर्जर भवनों और सार्वजनिक मार्गों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्ती से पेश आएगा। नगर के नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसे निर्माण कार्यों से बचें जो सार्वजनिक हितों के खिलाफ हों।

# गाय को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराई कार



## कार चालक की मौके पर मौत, तीन घायल झांसी रेफर

**छतरपुर।** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पेड़ से टकराकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई साथ ही कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में झांसी रेफर किया गया है।

जिला अस्पताल में घायलों के साथ मौजूद कपिल रिछारिया ने बताया कि कार में सवार सभी लोग वनगांय के रहने वाले हैं जो इलाज के लिए जबलपुर जा रहे थे, तभी अचानक गाय सामने आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में कार चला रहे संतोष पटेल की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि कार में सवार अन्य तीन लोग आकाश, रवीना और रानी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वहीं मृतक संतोष पटेल के शव का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाने वाला आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार



छतरपुर

थाना जुझारनगर क्षेत्र के ग्राम खेरा में एक दुकानदार के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाने वाले आरोपी को पुलिस ने मात्र 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम खेरा निवासी दुकानदार की शिकायत पर जुझारनगर थाना में गंभीर चोट पहुँचाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भोला अनुरागी पिता कल्लू अनुरागी को गिरफ्तार कर लिया। भोला अनुरागी पूर्व में छेड़छाड़ और जुए के तीन मामलों में लिप्त रह चुका है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## केन-बेतवा लिंक परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों में फूटा आक्रोश

# किसानों ने विशाल पदयात्रा निकालकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

### नियमों की अनदेखी और उचित मुआवजा न मिलने से परेशान हैं ग्रामीण




**छतरपुर।** केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर एक बार फिर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों के किसानों ने जय किसान संगठन के बैनर तले सटई से छतरपुर तक पदयात्रा निकाली। किसानों का आरोप है कि इस परियोजना में कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी की जा रही है और पर्यावरणीय क्षति का भी पर्याप्त आकलन नहीं किया गया।

किसान नेता अमित भटनागर के नेतृत्व में निकली पदयात्रा की शुरुआत सटई में एक किसान पंचायत के साथ हुई थी और मंगलवार की दोपहर यह यात्रा छतरपुर कलेक्ट्रेट पहुंची। कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कलेक्टर की अनुपस्थिति में एसडीएम अखिल राठौर को ज्ञापन सौंपा गया। इस पदयात्रा में सुरई, खरयानी, ढौंढन्न सहित अन्य गांवों के सैकड़ों किसान शामिल हुए। किसानों का कहना था कि प्रभावित गांवों में ठोस सर्वेक्षण नहीं हुआ है और सिर्फ कागजों पर दिखावा किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। किसानों के प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया था।

यात्रा के संयोजक अमित भटनागर ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना किसानों के शोषण और फर्जी ग्राम सभाओं का प्रतीक बनती जा रही है। परियोजना से पन्ना और छतरपुर जिले के जो 26 गांव प्रभावित हो रहे हैं, वहां न ठीक से सर्वे किया गया है और न ही उचित मुआवजा दिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से सिर्फ झूठे आश्वासन मिल रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। पुनर्वास एवं पुनव्र्यवस्थापन अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है, जबकि यह कानून विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा हेतु बना था। उन्होंने कहा कि सर्वे प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है, जो कि उचित नहीं है। पुनर्वास, मुआवज़ा और पुनव्र्यवस्थापन के कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश अब तक ग्रामीणों को नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि कलेक्टर किसानों की बात को समझेंगे और उनके साथ बैठक कर समाधान निकालेंगे। ज्ञापन के माध्यम से सभी प्रभावित गांवों में दोबारा निष्पक्ष सर्वे करवाने, किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने, परियोजना से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को रोककर वैकल्पिक समाधान निकालने और ग्राम सभाओं का आयोजन कर किसानों की राय व सहमति के आधार पर परियोजना को आगे बढ़ाने जैसी मांगें की गई हैं।

### समाजवादी पार्टी ने दिया समर्थन

किसानों की इस पदयात्रा को समाजवादी पार्टी ने भी खुलकर समर्थन दिया है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव, जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और किसानों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा कि यह योजना किसानों की जमीन छीनने की योजना बन चुकी है। मैं खुद प्रभावित गांवों में गया हूं, किसानों को उनके घर और जमीनों का 15 से 25 हजार का मुआवजा देकर छलावा किया जा रहा है, यह अन्याय है। उन्होंने कहा कि पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी संसद में इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन आज तक किसानों को न्याय नहीं मिला।

# जमीन पर कब्जे से परेशान महिला जनसुनवाई में ज़मीन पर लेटी



**छतरपुर।** मंगलवार को जनसुनवाई में उस वक्त हड़कंप मच गया जब भीषण गर्मी के बीच एक महिला जमीन पर लेटकर न्याय की गुहार लगाने लगी। यह मामला जिले के खड्डी पहरा गांव का है, जहां की रहने वाली महिला हीरामनी गुप्ता ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने उसकी निजी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। हीरामनी गुप्ता का कहना है कि उन्होंने कई बार तहसील और एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगाए, यहां तक कि 181 जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मैयादीन धोबी, ओमप्रकाश धोबी नाम के दबंग उसकी जमीन पर कब्जा कर गुंडागर्दी कर रहे हैं, और प्रशासन उनके सामने नतमस्तक नजर आ रहा है। महिला ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आम जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिला की शिकायत पर एसडीएम अखिल राठौर ने कहा कि संबंधित भूमि का पहले सीमांकन किया जा चुका है, लेकिन महिला उस सीमांकन से संतुष्ट नहीं है और पुनः सीमांकन की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है और दोबारा जांच कराई जाएगी।

## सीएम राइज नौगांव में नए सत्र के प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

# विद्यालय से कक्षा 1 के लिए कल से मिलेंगे आवेदन फॉर्म

### 11वीं के लिए 2 जून से मिलेंगे प्रवेश फॉर्म

छतरपुर

लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र भोपाल द्वारा सी.एम.राइज विद्यालयों में प्रवेश के लिए जारी नीति के अनुसार सीएम राइज स्कूल के नवीन भवन से क्रमशः 1 किमी, 2 किमी, 3 किमी की दूरी और क्रमशः परिधि में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत रहे विद्यार्थियों के लिये उनके अभिभावकों की सहमति के आधार पर कक्षा 2 से 9 वीं के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए अभिभावक को संबंधित शासकीय विद्यालय (जिसमें उनका बच्चा अध्ययनरत रहा है) के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर सहमति देकर सी.एम.राइज विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करना होगा तभी उनके बच्चे का प्रवेश सी.एम राइज विद्यालय में किया जा सकेगा। असहमति देने वाले अभिभावकों के बच्चे उसी विद्यालय में अध्ययनरत रहेंगे।

कक्षा एक में प्रवेश के लिए इच्छुक अभिभावकों को प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 16 अप्रैल 2025 में सी एम. राइज विद्यालय से डायरेक्ट वितरित किये जाएंगे और अभिभावकों को आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेज जैसे -जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आई डी, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, राशनकाडर्, छात्र की पासपोर्ट साइज की तीन रंगीन फोटो आदि सलग्न करके 23 अप्रैल 2025 तक विद्यालयीन समय में जमा करना होगा। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 30 सितम्बर 2025 की स्थिति में न्यूनतम आयु 6 वर्ष और अधिकतम आयु 7.5 वर्ष होना चाहिए। कक्षा 1 में प्रवेश नीति के अनुसार प्रवेश हेतु पात्र छात्र छात्राओं की सूची 25 अप्रैल 2025 को जारी की जाएगी। कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 2 जून 2025 से वितरित किये जायेंगे और दस्तावेज संलग्न कर 10 जून 2025 तक भरा हुआ आवेदन सीधे सीएम राइज संस्था में जमा कर सकेंगे। 12 जून 2025 को सी.एम राइज प्रवेश नीति के अनुसार कक्षा 11वीं के लिये प्रवेश सूची जारी की जायेगी। सी एम राइज विद्यालय नौगांव में समस्त कक्षाएँ हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम में संचालित है इस विद्यालय में सत्र 2025-26 से कक्षा 11वीं में कॉमर्स एवं कृषि संकाय भी प्रारंभ होने जा रहा है। विद्यालय की नवीन भव्य बिल्डिंग में बेहतरीन फर्नीचर, स्मार्ट क्लास रूम, लैब, ई-लाइब्रेरी, संगीत, डान्स, विभिन्न खेलकूंद व कम्प्यूटर लैब की सुविधाएं उपलब्ध हैं। नौगांव सी.एम. राइज विद्यालय एक स्वच्छ सुन्दर, सुरक्षित व सुखद वातावरण में स्थित है प्रवेश के संबंध मे विस्तृत जानकारी विद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान



### गांव की बच्चियों ने हाथों में मेहंदी रचाकर पानी बचाने के लिए लोगों को किया जागरूक

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को जल संरक्षण जागरूकता शपथ, जलाशयों में श्रमदान कर स्वच्छता कार्य सहित जल की महत्वता पर जन चौपालों के माध्यम से परिचर्चाएं की जा रही है।

विगत दो दिवसों में जल गंगा संवर्धन में ग्राम पंचायत पहाड़ी मैमारू में ग्रामीण लोगों की बैठक कर लोगों को तालाबों, कुएं एवं बावड़ियों की सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया और श्रमदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही गांव की बच्चियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान चलने पर हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस जागरूकता बैठक में परामर्शदाता वंदना तिवारी, समाजसेवी रितमता सक्सेना और सीएमसीएलडीपी छात्र उपस्थित रहे। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रताप सागर तालाब की सफाई अभियान का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नवांकुर संस्था से अनूप तिवारी, हाइड्रोलॉजिस्ट राहुल दुबे, कृषि विशेषज्ञ इरशाद खान, नामांकित संस्था से नेहा तिवारी एवं उनकी टीम में शिप्रा तिवारी, प्रीति पांडे, परामर्शदाता वंदना तिवारी, एमएसडब्ल्यू बस स्टूडेंट के सहयोग से प्रताप सागर सरोवर की सफाई कार्य किया गया। साथ ही राजनगर अंतर्गत बसारी के ग्राम भैरा में श्रमदान किया गया इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा लवकुशनगर के ग्राम कटिया में नवांकुर संस्था द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक कर जल के कम उपयोग करने एवं व्यर्थ में जल के व्यर्थ में बर्बाद न करने के बारे में समझाया गया।

# केन नदी के बारबंद घाट का पुल बनाने ग्रामीणों ने की बैठक



### पुल निर्माण से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, 30 गांव का होगा विकास

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय से करीब 120 किमी दूर स्थित केन की तलहटी के गांव बारबंद में पूर्व सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य था कि शासन-प्रशासन तक अपनी मांग पहुंचाकर बारबंद घाट में केन नदी के ऊपर पुल बनाने के प्रयास किए जाएं। यदि केन नदी में यह पुल बन जाएगा तो आसपास के 30 गांव से अधिक के लोगों को बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। रोजगार के अवसर बढने के साथ ही इन गांव का विकास हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक बारबंद के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर मिश्रा ने बताया कि सरवई की दूरी करीब 20 किमी है। यदि कोई बीमार पड़ जाता है और उसको इलाज के लिए सरवई ले जाने की स्थिति बनती है तो काफी मुसीबतें सामने आती हैं। यदि पुल का निर्माण हो जाएगा तो केन के उस पार उत्तरप्रदेश के बांदा जिले का नरैनी नगर है जो तहसील भी है। यहां स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। केवल स्वास्थ्य ही नहीं केन नदी के बारबंद घाट में पुल बनने से यातायात सुगम हो सकेगा और रोजगार के अवसर बढ़ जाएंगे। केन किनारे रहने वाले लोग नदी को अपने रोजगार का माध्यम बनाते हैं। नदी की तलहटी में पैदा होने वाली वस्तुओं को आसानी से बाजार मिल सकेगा। वर्तमान में बांदा एवं नरैनी जाने में करीब 35 से 40 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है यदि नदी में पुल बन जाएगा यह दूरी आधी हो जाएगी। इतना ही नहीं पन्ना, सतना, कालींजर, चित्रकूट, अजयगढ़ आदि की यात्रा भी सुगम हो जाएगी। 30 गांव के लोगों ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार की है। पुल निर्माण के लिए कई चरणों में आंदोलन किया जाएगा। इसकी शुरूआत ज्ञापन से होगी। क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर बड़ा अभियान चलाया जाएगा। बैठक में रामनरेश तिवारी, लाला अवस्थी, गौरीशंकर पाल, लवकेश केवट, जीतेन्द्र मिश्रा, विंदा पाल, सुरेश तिवारी, बृजलाल केवट, कक्का मिश्रा, दयाशंकर सेन, नगवा केवट, छोटा पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 18 को छतरपुर आएंगे जीतू पटवारी और हरीश चौधरी




## कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**छतरपुर।** आगामी 18 अप्रैल को मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी छतरपुर दौरे पर आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष छतरपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे, जो कि पन्ना रोड स्थित उमंग पैलेस में आयोजित किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मध्यप्रदेश के सह प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने बैठक ली। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. यादव ने जिला कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दें और अधिक से अधिक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हों, ताकि पार्टी का जनाधार और अधिक मज़बूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। प्रभारी और अध्यक्ष कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे।



## प्रभारी मंत्री दो दिवसीय प्रवास पर आज आएंगे रीवा, 17 अप्रैल को बिछिया नदी उद्गम स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रीवा।** रीवा जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल दो दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल सतना जिले से 16 अप्रैल को शाम 6 बजे प्रस्थान कर शाम 7 बजे रीवा में विशम्भरनाथ पटेल के निवास पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री रात 8.15 बजे राजनिवास रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री 17 अप्रैल को सुबह 7 बजे राजनिवास से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 8 बजे मऊगंज पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिछिया नदी उद्गम स्थल पर पूजन, जनचर्चा एवं ग्रामसभा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री सुबह 10.30 बजे वापस राजनिवास रीवा पहुंचेंगे तथा सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री शाम 5.05 बजे राजनिवास पहुंचेंगे तथा शाम 6 बजे राजनिवास से दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम सभाओं का किया गया आयोजन



**रीवा ।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी विकासखंडों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय के निर्देशन पर ग्राम सभाओं में सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक, पंचायतों के सरपंच, सचिव, पंचायत सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं द्वारा सामाजिक पहलू से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में मुख्य रूप से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर चर्चा की गई। ग्राम सभाओं में उपस्थितजनों को बताया कि अधिनियम के तहत बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद एवं बालक का विवाह 21 वर्ष के बाद किया जाना चाहिए। ये न केवल उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है बल्कि इससे समस्त समाज का उत्थान भी संभव है। ग्राम सभा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर भी चर्चा की गई। योजना पर चर्चा करते हुए बताया गया कि बिना बेटी के समाज का अस्तित्व अधूरा है और शिक्षित एवं सशक्त बेटी से ही सशक्त समाज की कल्पना की जा सकती है। समाज को सशक्त बनाने में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व पर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषण को अपने ग्राम पंचायत से दूर करने तथा कुपोषण मुक्त ग्राम बनाने के लिए ग्रामीणों ने शपथ ली।

## जनसुनवाई में आमजनता के 68 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई

रीवा। आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आमजनता के 68 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में जमीन के सीमांकन, भू अर्जन, नामांतरण, उपचार सहायता, पेंशन भुगतान, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में वंशगोपाल सिंह निवासी महसांव ने जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम गुढ़ को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिए। राजकरण सिंह निवासी अमिलकी ने उन्हें छठवें और सातवें वेतनमान का लाभ देने के लिए आवेदन दिया।

बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने कार में फेंक बम, सीसीटीवी फुटेज आया सामने, जांच में जुटी एमपी-यूपी पुलिस

# रीवा के व्यापारी पर यूपी में जानलेवा हमला





रीवा।

जिले में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि चाकपाट में एक व्यापारी की कार पर रविवार की रात बदमाशों ने बम फेंक दिया। व्यापारी अपने अन्य मित्रों के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में बार्डर स्थित प्रयागराज कार में सवार होकर निकले थे तभी नारी-बारी के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने व्यापारी की कार में देशी बम फेंक दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त रहा जबकि कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। घटना के बाद से ही यूपी और एमपी पुलिस बदमाशों की तलाश के लिये टीमें गठित कर दबिश दे रही हैं, बता दे व्यापारी रवि केशरवानी अपने साथी अजय केशरवानी, राजमणि केशरवानी और बेद द्विवेदी के साथ प्रयागराज में एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब 8.30 बजे जब वे नारीबारी के पास पहुंचे, तो एक व्यक्ति को बैठाने के लिए उन्होंने कार सड़क किनारे रोकी। उसी दौरान प्रयागराज की दिशा से दो युवक बाइक पर गलत दिशा से आते हुए उनकी कार के पास पहुंचे और अचानक बम फेंक दिया। बाम सीधे गाड़ी से टकराया और तेज धमाके के साथ फट गया। इससे कार के शीशे टूट गए और व्यापारी रवि केशरवानी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाकी लोगों को हल्की चोटे आई। धमाके के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। जिसकी एफआईआर शंकरगढ़ थाने में दर्ज कराई गई है। अब शंकरगढ़ एवं नारीबारी चौकी पुलिस चाकघाट पहुंची है जहां पुलिस समेत परिजनों से पूछताछ कर रही है जबकि घायल व्यापारी प्रयागराज के स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही पुलिस अब हमलावरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है, हमले के पीछे की वजह भी स्पष्ट नहीं हो सका है। यूपी पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हैं। गनीमत यह रही कि कार के शीशे बंद थे, जिससे बहा हादसा टल गया।बॉक्स सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटनाबमबारी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पहले तो खुद पीड़ितों को भी पता नहीं चला कि अचानक कैसा धमाका हुआ, बाद में सीसीटीवी कैमरा चेक किया, उसमें बाइक सवार दो आरोपी कार पर बम फेंकते नजर आ रहे हैं। अंधेरे की वजह से आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है।बॉक्स बॉक्स बमबारी की घटना तार ढूंढ़ने एमपी पहुंची यूपी पुलिसजिले के चाकघाट और उत्तरप्रदेश की पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सोमवार के दिन शंकरगढ़ थाना एसएचओ एवं भारी पुलिस बल चाकघाट पहुंचा है जहां त्योंथर एसडीओपी उदित मिश्रा एवं चाकघाट थाना प्रभारी से मुलाकात कर वारदात के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही चाकघाट समेत यूपी पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं जो आरोपियों को पकडऩे के लिये जगह-जगह दबिश दे रही हैंइनका कहना है कार में सवार होकर कुछ लोग प्रयागराज निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे। वे नारीबारी के समीप रुके थे, तभी बाइक पर सवार दो आरोपियों ने कार पर बम फेंक दिया। इसमें एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

**कुंजलता**
एसीपी बारा प्रयागराज

बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मामला

# घर में अकेली पाकर ससुर ने बहू को बनाया हवस का शिकार

रीवा।

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सगे रिश्ते के ससुर से बहु को हवस का शिकार बनाया है, पिता ने पूरे मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। बता दे रिश्ते के सगे ससुर ने अपनी ही बहू को घर में अकेले पाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद पीड़िता डरी सहमी मायके चली गई और बाद में वह अपने पति समेत अन्य सदस्यों के साथ थाने पहुंची जहां पीड़ित की दर्दनाक कहानी सुन पुलिस ने आरोपी ससुर के विरुद्ध थाना के अपराध क्रमांक 147/25 धारा 64, 64(2)(एफ), 74, 118, 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया है। इस दौरान पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। इस वारदात को लेकर सिरमौर एसडीओपी उमेश प्रजापति ने बताया कि बैकुंठपुर थाना अंतर्गत रहने वाली एक पीड़िता बीते 13 अप्रैल को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका पति प्राइवेट नौकरी करता है जिसके लिये वह



ज्यादातर बाहर रहता है जबकि घर में देवर और देवरानी रहते हैं। बीते 29 मार्च के दिन देवरानी मायके चली गई थी जबकि देवर भी किसी काम से घर के बाहर था। इसी बीच घर में अकेली थी तभी उसका ससुर अकेले पाकर महिला के साथ गलत काम किया और किसी को न बताने की धमकी दी। घटना के बाद घर में अकेली पीड़िता ने लोक लज्जा और किसी अप्रिय घटना के डर से कुछ नहीं बताया और वह सीधे मायके चली गई, तब उसने अपने पति को वारदात के संबंध में जानकारी दी जिसके बाद उसका पति गांव लौटा और पीड़िता उसके साथ थाने पहुंची है और ससुर के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल बैकुंठपुर थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल शिकायत मिलने के बाद लगातार आरोपी ससुर की तलाश में जुटे हुए हैं।

## पति से परेशान महिला ने बच्चों के साथ खुद को कमरे के अंदर किया कैद, पुलिस ने देर रात सूचना के बाद किया बचाव, आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** पति व देवर द्वारा नशे की हालत में मारपीट करने से दहशत में आई महिला अपने घर में कैद हो गई। उसने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने उसे मुक्त कराया। इस दौरान आरोपियों ने नशे की हालत में पुलिस के साथ भी गाली-गलौज की, जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है, समान थाने के नेहरू नगर में रहने बाली एक महिला के साथ उसके पति व देवर द्वारा नशे की हालत में मारपीट की जा रही थी।

जान बचाने के लिए महिला अपने दो बच्चों के साथ घर के कमरे में कैद हो गई और डायल 100 को सूचना दी। सूचना मिलते ही रात्रि गश्त कर रही डीएसपी हेडक्वार्टर हिमाली पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। इस दौरान आरोपी पुलिस के साथ भी गाली-गलौज करने लगे और गेट का दरवाजा नहीं खोल रहे थे। किसी तरह पुलिस घर के अंदर घुसी और कमरे के अंदर मौजूद महिला और उसके बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान आरोपी घर के अंदर से लगातार गालियां दे रहा था। घटना के बाद महिला और उनके दोनों बच्चों को पुलिस ने अपने वाहन से मायके वालों के साथ घर भेज दिया। जिसके बाद पति और देवर मायके भी पहुंच गए और वहां तोड़फ़ोड़ कर घर वालों के साथ मारपीट करने लगे, जिससे हंगामा मच गया। रात में फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों आरोपियों को थाने ले आई। उनके खिलाफ समान थाने में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के उत्पात से उनकी चार साल की बच्ची काफी डरी हुई थी। जब पुलिस ने उनको बाहर निकाला तो डर के कारण चार साल की बच्ची बोली कि हमें भागना है। उसका डर देखकर तत्काल डीएसपी ने उसको संभाला और उसे प्यार करके समझाया कि यहां पुलिस खड़ी है तुम मत डरो। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक ने बताया कि रात्रि गश्त गश्त के दौरान डायल 100 में प्वाइंट आया था, जिसमें महिला अपने घर में कैद थी। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई जिस पर महिला को घर से मुक्त कराया गया। मायके में पहुंचकर की तोड़फोड़घटना के बाद महिला और उनके दोनों बच्चों को पुलिस ने अपने वाहन से मायके वालों के साथ घर भेज दिया। पति और देवर मायके भी पहुंच गए और वहां तोड़फोड़ कर घर वालों के साथ मारपीट करने लगे, जिससे हंगामा मच गया। रात में फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों आरोपियों को थाने ले आई। उनके खिलाफ समान थाने में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कलेक्टर्स को दिए निर्देश शासन की प्राथमिकता के कार्यों पर विशेष ध्यान दें - कमिश्नर

रीवा

रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य कराएं। इस अभियान में जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके इसे जन-जन का अभियान बनाएं। जल संरक्षण से ही धरती पर मानव जीवन और समस्त जीवों के जीवन को सुरक्षा मिलेगी।



इसकी कार्ययोजना में शामिल निर्माण कार्यों को एक सप्ताह में प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति जारी कराकर उत्सव के माहौल में जल संरक्षण के कार्य कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के मैहर और मऊगंज नवगठित जिले हैं। सभी प्रभारी अधिकारी इन जिलों का कम से कम दो दिन अनिवार्य रूप से भ्रमण करें। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए नियमित सुनवाई करके दो वर्ष से अधिक अवधि के सभी राजस्व प्रकरण तीन माह में निराकृत करें। सीमांकन के सभी प्रकरण एक माह की समय सीमा में निराकृत करें। पिछले दो माह में सभी जिलों में नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। बंटवारे के प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। लोक सेवा गारंटी में तय समय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण न होने तथा साइबर तहसील में समय सीमा में रिपोर्ट दर्ज न होने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में भी 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कराएं। पिछले दो महीने में लंबित पेंशन प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर पेंशन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। उपार्जन केन्द्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। राजस्व अधिकारी भी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा किसानों को तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। कलेक्टर पेयजल व्यवस्था की भी सतत निगरानी करें। जिन क्षेत्रों में जल स्तर घटने से हैण्डपंप बंद हो गए हैं वहाँ सिंगल फेज मोटर की व्यवस्था करके पानी की आपूर्ति कराएं। पेयजल समस्यामूलक गांवों का चिन्हांकन करके उनमें पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। पीएचई विभाग के अधिकारी खराब हैण्डपंपों के सुधार और नलजल योजनाओं को सतत चालू रखने के लिए लगातार प्रयास करें। जिला और विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर पेयजल व्यवस्था की निगरानी करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों का 30 अप्रैल तक ई केवाईसी सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ मृत और स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही करें। अप्रैल माह के आवंटन का उठाव संतोषजनक नहीं है। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी शत-प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव करके तीन दिवस में उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर खाद्यान्न वितरण की भी हर सप्ताह समीक्षा करें। बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यार्थियों के शाला प्रवेश, निःशुल्क पुस्तकों के वितरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि पेयजल एवं गेंहू उपार्जन की सतत समीक्षा की जा रही है। जिले में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्र शुरू हो गए हैं। हितग्राहियों का प्रतिदिन तीन से सात हजार तक ई केवाईसी कराई जा रही है। जिले में दो साल से अधिक के सभी राजस्व प्रकरण तीन माह में निराकृत कर दिए जाएंगे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड तथा कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 3000 हैंडपंप खराब, पानी की जगह उगल रहे गर्म हवा, ग्रामीण क्षेत्रो की स्थिति दयनीय, शिकायतों के बाद भी समय पर मरम्मत नहीं



**रीवा ।** जिले मे गर्मी की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। पारंपरिक जलस्त्रोत जैसे कुएं अधिकांश गांवों में सूख चुके है या पुराने होने के कारण उपयोग के लायक नहीं रहे। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से पेयजल व्यवस्था हैडपंपों पर निर्भर हो गई है। कुछ जगहों पर जल जीवन मिशन के नल जल योजना से पानी की आपूर्ति शुरू हुई है, लेकिन यह अभी भी पर्याप्त नहीं है। बता दें समूचे मध्य प्रदेश मे रीवा संभाग के दो ही जिले ऐसे है जहां पर मऊगंज और रीवा जिले मे हैंडपंप की संख्या सर्वाधिक है. केवल रीवा जिले मे 21 हजार हैंडपंप है जबकि मऊगंज मे 13 हजार हैंडपंप है, जिनकी कुल संख्या 34 हजार है जिनमे से 3 हजार हैंडपंपो का जलस्तर घट गया है. जिससे लोगो के बीच समस्याएं उत्पन्न हो रही है। वही केवल रीवा जिले की बात करे तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रीवा जिले में 2430 हैंडपंप ऐसे हैं जिन्हें मरम्मत की आवश्यकता है। इनमें से 1172 लैंडपंप जलस्तर नीचे जाने से बंद हो चुके है, जबकि 682 पूरी तरह खराब हो चुके हैं। इनकी जगह नए हैंडपंप खनन की आवश्यकता है। ग्रामीण अंचलो की अगर बात करें तो यहां पर कई इलाकों की स्थिति काफी दयनीय है. तेजी से घट रहे जल स्तर के चलते हालत यह है कि अब पानी के चक्कर में लोग मे रोजी-रोटी की भी दिक्कत होने लगी है क्योंकि गरीब परिवार दिन भर पानी की ही जुगत में लगा रहता है. इन इलाको मे रहने वाले लोग पानी के लिए लम्बी दूरी तय करते है इसके बाद वहां से पानी भरकर लाते है. जिसके चलते ग्रामीणों का अन्य सारा काम का आज प्रभावित होता है। विधायकों की मांग पर विधानसभाबार पेयजल समीक्षा की जा रही है। वही रीवा शहर की बात करे तो भी कई हैंडपंप खराब हो गए हैं या सड़कों के चौड़ीकरण के चलते हटाए जा चुके हैं।बॉक्स लगातार गिर रहा भूजल स्तरबताया जा रहा है की ग्रामीण अंचल का जलस्तर 80 से 170 फीट तक नीचे गिर चुका है रीवा और मऊगंज में यह हाल मार्च महीने के समाप्ति के साथ ही शुरू हो गया था अप्रैल आते-आते स्थिति और बिगड़ने लगी है रीवा के सिरमौर , सेमरिया ,जवा, रायपुर कर्चुलियान, त्यौंथर , और लालगांव में गर्मी ने अपने ऐसे तेवर दिखाए है की यहां का जल स्तर ही नीचे खिसक गया. रायपुर कर्चुलियान में तो जलस्तर 80 से 180 फीट नीचे तक पहुंच चुका है जो कि चिंता का विषय है। बॉक्स इस वर्ष कम हुई वर्षा जिले में अब लोग राइजर पाइप की मांग करने लगे हैं जो उपलब्ध नहीं हो पा रही इस साल बारिश 650 मिलीमीटर हुई है जबकि औसत वर्षा 1000 मिलीमीटर के करीब मानी जाती है कम बारिश होने की वजह से जलस्तर शुरुआती गर्मी से ही घटना शुरू हो चुका है जिसका असर सबसे पहले पहाड़ी क्षेत्र के गांव मे देखने को मिल रहा है. इन गांव में हैंडपंप और मोटर पंप दोनों ही बंद होने लगे हैं तकनीकी विशेषज्ञ का कहना है कि हैंडपंप 100 फीट की गहराई तक ही पानी उठा पाते हैं इसके बाद 20 फीट तक राइजर पाइप बढ़ा देने से पानी तो उठाते हैं लेकिन हैंड पंप चलाने में ज्यादा मेहनत लगने लगती है.बॉक्स प्रभारी मंत्री करेंगे पेयजल की समीक्षा17 अप्रैल को प्रभारी मंत्री प्रत पटेल रीवा आएंगे। यहां योजना समिति की बैठक में पेयजल के मुद्दे को प्राथमिका में रखा गया है। मंत्री का निर्देश भी आया है कि हर विधानसभा क्षेत्र की वस्तुस्थिति से जुड़ी रिपोर्ट उनके पास प्रस्तुत की जाए। इस कारण कलेक्टर ने भी जिलेभर से रिपोर्ट मंगाई है। सांसद जनार्दन मिश्रा ने भी पेयजल की समस्याओं के समाधान की बात कही है।1

# मऊगंज में आबकारी विभाग ने 6 स्थानों से 83 हजार रुपए की अवैध शराब बरामद की





मऊगंज

जिले में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थान में दबिश देकर 83हजार 290 रुपए की शराब बरामद की है जिसमें भीर ग्राम में शुभम सिंह के घर से 260 किलोग्राम महुआ लाहन और पार्वती वर्मा के घर से 20 केन बियर जप्त की गई ग्राम भैदा में उर्मिला साकेत के घर से 460 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद की गई ग्राम बडैया में राममिलन पटेल के घर से 23 केन बियर जप्त की गई ग्राम गोरमा में मिथुन कोल के घर से 26 पाव और सूरज काली बसोर के घर से 50 पाव देसी शराब बरामद की गई कुल बरामदगी में 720 किलोग्राम महुआ लाहन 43 केन बियर और 76 पाव देसी प्लेन शराब शामिल है सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# जड़कुड़ सरपंच के घर में लगी आग से घर हुआ राख

घर की सारी सामग्री जलकर हुई खाक

**मऊगंज। जिले के जहां इन दिनों गर्मी का महीना चालू हो गया है वहीं आग लगने की भी घटनाएं में इजाफा हुआ है वही आपको बता दे हनुमना थाना क्षेत्र के पिपराही चौकी अंतर्गत जड़कुड़ गांव में अज्ञात कारण से कच्चे मकान में आग लग जाने के कारण घर की सामग्री जलकर राख हो गई।**





वहीं घटना की जानकारी होते ही जहां ग्रामीणों के द्वारा आग में काबू पाया गया लेकिन तब तक आग निर्विकार रूप लेकर घर को खाक कर दिया वहीं ग्रामीणों की सहयोग से आग को बुझाया गया है जानकारी के अनुसार जहां घर में आग लग जाने के कारण घर की सामग्री पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। वही ग्राम पंचायत के सरपंच के द्वारा हनुमना थाना में घटना रिपोर्ट दिखाई गई है पुलिस के द्वारा मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी गई है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आज किस कारण से लगी है फिलहाल जांच में पुलिस जुटी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार सरपंच मोतीलाल बैगा के घर में आग लगने की घटना मे एक ही घर में चार भाई साथ में रहते थे इसमें घर की सामग्री जैसे घर में रखी सामान सोना चांदी अनाज इमारती लकड़ी ब्रेड अलमारी कुल्हड़ पंखा सहित मोटरसाइकिल भी जलकर राख हो गई है।